Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-07-2022 | अंक 298

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### ट्रक टायर फटने से टॉलकर्मी हुआ घायल

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना निवासी डेगलाल कुमार उम्र 40 वर्ष पिता गंदौरी महतो रसोइया धमना टॉल प्लाजा में एक टिकट कर्मी के रूप में काम करते थे। वहीं गुरुवार दोपहर को टॉल प्लाजा के नजदीक ट्रक का टायर फटने से डेगलाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में घायल को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज किया गया।

# विष्णुगढ़ में जंगली हाथियों ने लगातार तीसरी रात भी मचाया उत्पात

## बरहमोरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के खिड़की दरवाजे तोड़े

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ में जंगली हाथियों का तांडव लगातार तीसरी रात भी जारी रहा। बंगाल की ओर से पहुंचे हाथियों का झुंड दिन में जंगलों में आराम करते हैं और शाम ढ़लते हीं गांव में प्रवेश कर तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। बुधवार की शाम से देर रात तक झुंड ने कुसुम्भा पंचायत के चोराढ़ाब, डुमरडीहा, बरहमोरिया तथा अलखरी समेत अन्य गांव-टोलों में भारी उत्पात मचाया। ग्रामीण बताते हैं कि झुंड में तकरीबन 25 हाथी हैं, जिसमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हाथियों के उत्पात के डर से ग्रामीण रतजगा को मजबूर रहे। इधर, झुंड ने बरहमोरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भी धावा बोला।



विष्णुगढ़ के अलखरी में हाथियों द्वारा तोड़ा गया घर

विद्यालय के कई खिड़की तथा लोहे के दरवाजों को तोड़कर हाथी अंदर दाखिल हुए। गनीमत रही कि एमडीएम का चावल चट करने से पूर्व वन विभाग की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंचकर झुंड को विद्यालय से खदेड़ दिया। इसके बाद रात 11 बजे डुमरडीहा में संजय मरांडी तथा रोहितलाल मरांडी के घर के दरवाजा को तोड़कर रखे अनाज को चट कर गए। घर के समान को भी तहस नहस कर दिया। हमले से पूर्व घर वाले किसी तरह जान बचाकर भागे। रात 12 बजे झुंड बरहमोरिया गांव पहुंचा। वहां रो. हित महतो तथा जयलाल महतो की खेत की चहारदीवारी को तोड़कर लहलहाती खरीफ फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। रात्रि एक बजे अलखरी में सुरेंद्र कुमार के घर को भी झुंड ने तोड़कर घुसने का प्रयास किया। रात में एक गांव से दूसरे गांव जाने के क्रम में जितने किसानों के खेत मिले, सभी को झुंड ने रौंदकर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रत्येक साल हाथी गांव पहुंचकर भारी नुकसान पहुंच. ाते हैं। वन विभाग द्वारा इस पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। नुकसान का मुआवजा भी नहीं मिलता। बीते साल भी झुंड ने तबाही मचाई थी पर अब तक कोई क्षतिपूर्ति नहीं मिला।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने युवा कांवरिया संघ लठिया को अंगवस्त्र देकर किया रवाना

### सभी कांवर यात्रियों को हार्दिक मंगलकामना : राजेंद्र प्रसाद


अंगवस्त्र देते मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा


युवा कांवरिया संघ के साथ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठिया में मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने युवा कांवरिया संघ लठिया को अंगवस्त्र देकर सुलतानगंज के लिए रवाना किया। लगभग दो दर्जन शिवभक्त जत्था बाबा का जयकारा लगाकर सुलतानगंज के लिए रवाना हुए। अंगवस्त्र प्राप्त करने वाले कांवर यात्रियों में अशोक यादव, पिंटू कुमार, रवींद्र यादव, राजेश राना, अर्जुन यादव, राजेश यादव,राजू यादव, टिंकू सिंह, दीपू कुमार, दिनेश राना, विरेंद्र यादव, सुनील कुमार, सुबोध यादव, संजय यादव, रामदेव यादव, संदीप यादव, रीना देवी एवं कौशल्या देवी शामिल है। इस दौरान कांवरिया संघ में शामिल सभी महिला एवं पुरुषों ने बोल बम और बाबा एक सहारा है के नारे को बुलंद करते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। साथ ही भगवान शिव का जलाभिषेक कर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुए। वहीं मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने सभी कांवर यात्रियों को बोल बम यात्रा की हार्दिक मंगलकामना और उनकी मंगलमय यात्रा की भोलेनाथ से कामना किए है। इस विशेष अवसर पर पंसस सदस्या संतोषी कुमारी, प्रकाश साव, योगेंद्र यादव, पूनम देवी, नूनी देवी, सोहवा देवी, गूंजा देवी, सुनीता देवी, मालती देवी,चंद्रिका देवी, मंजू देवी, गुड़िया देवी, रेखा देवी, रूपमणि देवी, कंचन देवी, गीता देवी, पिंकी देवी, मुनि देवी, सबिता देवी, यशोदा देवी, झूमिया देवी सहित दर्जनों अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## बिजली का खंभा टूटकर गिरा, वाहनों के आवागमन में हो रही परेशानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


टूटा हुआ बिजली खंभा

बरही गया रोड में एनटीपीसी द्वारा डिवाइडर पर लगाया गया स्ट्रीट लाइट का खंभा दो दिन पूर्व टूटकर गिर चुका है। जिससे बड़े वाहनों को आने जाने में काफी परेशानी होता है। आस पास के दुकानदारों ने बताया की दो दिन पूर्व टूटकर गिर चुका है। जिसके कारण जब बड़े बड़े वाहनों के आवागमन में काफी परेशानी होती है। जिससे जाम की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विदित हो की तीन वर्ष पूर्व बरही चौक एवं आस पास के एनटीपीसी द्वारा लगाए गए स्ट्रीट लाइट की रौशनी से जगमगा उठती थी। लेकिन अभी सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।

## दर्दनाक सड़क हादसा में एक की मौत, एक घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**






बरही थाना अंतर्गत धनबाद रोड में स्थित कामधेनु होटल के समीप बुधवार के देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का पहचान थाना मोहल्ला निवासी अली असगर और घायल व्यक्ति गरजामो निवासी मो मिन्हाज के रूप में हुई है। वहीं मृतक अली असगर और मो मिन्हाज बरही में मजदूरी का काम किया करते थे। वहीं काम से वापस लौटने के क्रम में कामधेनु होटल के एक ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। जहां अली असगर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं बरही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर शव को अपने कब्जा में ले लिया और घायल व्यक्ति को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गंभीरवाथा में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान ने बरही एसडीओ पूनम कुजूर को रक्षा सूत्र बांधकर सुखद जीवन की कामना की

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


रक्षासूत्र बांधती ब्रह्माकुमारी की बहने

बरही पटना रोड में स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान राजयोग मेडिटेशन सेवाकेंद्र द्वारा षदिव्य ईश्वरीय रक्षाबंधन एवं राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रमष के क्रम में गुरुवार को भी पवित्र मास सावन में किया गया । इस क्रम में ब्रह्माकुमारी बहनें सभी विभागों में जाकर के ईश्वरीय रक्षा सूत्र एवं राजयोग मेडिटेशन सिखा कर सभी की सुखी जीवन की मंगल कामना परमात्मा शिव से किया। स्थानीय केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रीना बहन ने कही कि रक्षाबंधन पवित्रता का बंधन है। जो विशेषकर भाई बहनों के बीच में ही मनाया जाता है वास्तव में इस कलयुगी रूपी संसार में अगर थोड़ी बहुत पवित्रता है तो वह संबंध है भाई और बहन का, इसलिए परमात्मा शिव हमें यह शिक्षा देते हैं की वर्तमान समय पवित्र जीवन बना कर रखेंगे तो आने वाले भयावह परिस्थितियों में हम सुरक्षित रह सकेंगे। ब्रह्माकुमारी रोशनी बहन ने राजयोग मेडिटेशन के बारे में बताते हुए बताई की खुद को आत्मा, समाज, निराकार, सर्वशक्तिमान, परमपिता एवं परमात्मा शिव से संयुक्त संबंध रखना है। राजयोग मेडिटेशन है हम जितना प्यार से परमात्मा पिता को याद करते हैं उतना ही प्यार से हमें वह सर्व शक्तियां देते हैं। बहनों ने सभी को आत्म- स्मृति का तिलक लगाकर स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा शिव पिता से सर्व शक्तियां लेने की विधि सिखाई। बीके रामदेव ने कार्यक्रम का जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय पूरी सावन माह में विश्व के 140 देशों में ईश्वरीय रक्षाबंधन एवं राजयोग मेडिटेशन का कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा चलाया जा रहा है। मानव मात्र के कल्याण के लिए यह कार्यक्रम हर एक विभागों में रखा जाता है ताकि लोग राजयोग से करके अपने जीवन को तनाव मुक्त बना सके । अनुमंडलीय कार्यपालक दंडाधिकारी दिप्ती कुमारी को ईश्वरीय रक्षाबंधन बांध ईश्वरीय सौगात दिया गया। कर्मचारीगण को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा गया। प्राचार्य हारिलाल , एवं मनोज कुमार सहित सभी शिक्षकगण को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांध ईश्वरीय सौगात दिया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी बबीता कुमारी को ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधकर ईश्वरीय सौगात दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के अधिकारियों को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा गया। शहर के व्यवसायी वर्ग के लोगों को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा गया। मीडिया कर्मियों को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र एवं ईश्वरीय सौगात दे सुखद जीवन की कामना किया गया।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## तिलेश्वर साहू सेना में शामिल हुए प्रभु भुइयां, संगठन के अध्यक्ष अरुण साहू ने माला पहनाकर किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



माला पहनाकर स्वागत करते अध्यक्ष अरुण साहू

बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के पूर्व मुखिया प्रभु भुइयां तिलेश्वर साहू सेना में शामिल हो गए। वहीं संगठन के अध्यक्ष अरुण साहू ने उन्हें माला से पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही संगठन के अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा की प्रभु भुइयां के टीएसएस में शामिल होने से करसो पंचायत में टीएसएस की पकड़ मजबूत हुई है। वहीं प्रभु भुइयां ने टीएसएस में शामिल होने पर कहा की मैं पूरी ईमानदारी से संगठन में अपने कर्तव्यों का पालन करूंगा। और लोगो तक संगठन की नीतियों को पहुंचाने का प्रयास करूंगा, साथ ही साथ उन्होंने कहा की तिलेश्वर साहू सेना संगठन मेरे परिवार की तरह है और मैं आज अपने परिवार के बीच आ गया हूं। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, टीएसएस कार्यकर्ता छोटन ठाकुर, विष्णुधरी महतो, प्रकाश राम, भोली पासवान सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बाबा दरबार के लिए निकला युवा कांवरियों की टोली

### बाबा भोलेनाथ की कृपा क्षेत्र वासियो पर बना रहे : राहुल सिंह

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




पवित्र श्रवण का माह चल रहा है। बड़ी संख्या में लोग देवघर स्थित बाबा बोलेनाथ का जलाभिषेक करते है। इसी कड़ी में पाण्डेयबारा, अम्बाजीत, चपरी आदि गावो से निकलकर युवाओं की टोली सीआरपीएफ जवान अम्बाजीत निवासी राहुल सिंह के अगुवाई में बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुवा। देवघर रवानगी से पूर्व युवाओं की टोली ने बोल बम के जयघोष से आकाश को गुंजित कर दिया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए राहुल सिंह ने बताया कि भोलेबाबा के दरबार जाने व भक्ति भाव से बाबा की आराधना करने से बाबा सबकी इच्छा पूरी करते है। हम सब कांवड़ लेकर सुल्तानगंज से जल उठाकर लगभग 105 किमी पैदल चलकर देवघर नगरी स्थित भगवान भोलेनाथ लर जलाभिषेक करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि हम सब भगवान से कामना करेंगे कि क्षेत्र में अमन चौन व सुख शान्ती बना रहे। भगवान भोलेनाथ की कृपा क्षेत्र वासियों पर बना रहे। युवाओं की टोली में चपरी निवासी रबिश सिंह, निशिकांत सिंह, अम्बाजीत निवासी दीपक राणा, कौशल सिंह, तरुण सिंह, चंदन सिंह, पेटा देरी निवासी राज राणा आदि शामिल है।

## भोंडो के रेघवाटांड में 'पौधा रोपो पानी रोको'अभियान का आयोजन

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




प्रखंड के भोण्डो पंचायत के स्वावलंबी गांव रेघवाटांड में 'पौधा रोपो पानी रोको' अभियान के तहत पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रभूषण साव, विधायक प्रतिनिधि अज्जू सिंह, जिप सदस्य नीतू यादव, मुखिया कोयल देवी आदि उपस्थित थे । इस दौरान पदाधिकारियों के द्वारा पौधा रोपण कर लाभुकों से बात कर पौधा रोपण का लाभ लेने एवं अन्य ग्रामीणों को सरकारी योजना के तहत होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई ।

## दनुवा घाटी में दर्दनाक हादसा, चार वाहनों में टक्कर, चालक व खलासी गाड़ी में दबकर मौत

### बढ़ता ही जा रहा है दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना,

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




दनुवा घाटी में दुर्घटनाओं का दौर जारी है। बुधवार – गुरुवार के आधी रात करीब दो बजे जीटी रोड स्थित दनुवा घाटी में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों का मौत हो गया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि घाटी में सड़क पर खड़ी ट्रक संख्या बीआर1जीबी/9878 को पीछे से ट्रक संख्या यूपी12एटी/0551 ने जोरदार टक्कर मार दिया। देखते–देखते 20 मिनट में दुर्घटनाग्रस्त वाहनो में दो और ट्रको ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना ग्रस्त ट्रक संख्या यूपी12एटी/0551 कोलकोता से लोहे लाद कर यूपी जा रहा था। इस ट्रक के चालक और खलासी की दर्दनाक मौत हो गई। दोनो लोग ट्रक के केबिन में दबा था। थाना प्रभारी शम्भूनंद ईश्वर, एएसआई मो कमरूदीन सहित पुलिस जवानों ने कड़ी मशक्कत कर दोनो शव को बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया मृतक की पहचान यूपी के हापुड़ के रहने वाले है। कहा ट्रांसपोर्टर व वाहन मालिकों को घटना की जानकारी दे दिया गया है। इधर शव को अन्तरपरिक्षण के लिए सदर भेज दिया गया है। दनुवा घाटी में बीते जनवरी से लगभग 30 से अधिक सड़क दुर्घटना में दर्जनों युवकों का मौत हो चुका है। बावजूद प्रसाशन द्वारा कोई ठोस पहल नही किया जा रहा है।

## हाथियों का आतंक जारी शुकुल खपिया ऊपर पहाड़ में घरों को तोड़ा व फसलों को रौंदा





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड के महुगांई कला पंचायत के सुकुल खपिया ऊपर पहाड़ में हाथियों ने कई घरों समेत चारदिवारी तोड़ा व अनाज को चट कर गया एवं फसलों को रौंद डाला । हाथियों की संख्या 10 से 12 बताई जा रही है। हाथियों से जिन व्यक्तियों की क्षति हुई उनमें अरविंद कुमार के घर का दरवाजा तोड़ा वह अनाज चट कर गया ।सुबोध कुमार के घर का दरवाजा तोड़ा। उमेश कुमार का चारदीवारी तोड़ा और फसल रौंद डाला। अवधेश सिंह का टमाटर का फसल रौंद डाला ।आनन्द दास का घर तोड़ा व अनाज खा गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे एवं हाथियों को बाहर करने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को राहत मिले। वही वन क्षेत्र पदाधिकारी बड़कागांव से पूछे जाने पर बताया कि हाथियों से ग्रामीणों को जान माल की छती कम से कम हो इसके लिए वन विभाग हाथियों को अपनी कोरिडोर से आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि हाथियों को इस जगह से उस जगह खदेड़ना समाधान नहीं है। हाथियों के कोरिडोर को लोगों को समझना होगा।

मो० समसुल

वायरिंग, पलम्बर, मोटर फीटिंग एवं रिपेयरिंग के लिए संपर्क करे।



संपर्क सं0–8825280049

Eight years of excellence and committed for the bright future of students

VECTOR CLASSES
VECTOR CLASSES
Germinating Confidence

for I.Sc | Medical | IIT-JEE

OUR FEATURES
- Individual Classes Available By Experienced Faculty (Phy, Chem, Math, Bio & Eng)
- Separate Doubt classes
- Special focus on weak students
- weekly test
- Disciplined Environment

Addmission open

OUR FACULTIES :-
Physics - Rajesh Kumar (Er B. Tech, 8 Yr. Exp.)
Math - Vikram Kumar (M.Sc, 10 Yr. Exp.)
Biology - Arun Kumar & Shiv Kumar (M.Sc, 10 Yr. Exp.)
Chemistry - R. Chandra (M.Sc, 10 Yr. Exp.)
English - Abhishek Jha (Former Banker)

Started A New Batch Dedicated Solely To ICSE & CBSE Board

Get up to 20% Discount

Director
Deepak Gupta

Mob.: 7717777833, 9113408072

Corporate Branch :-
1st Floor ICICI Bank Matwari Road, Hazaribag
EXT-BRANCH :- Front Of Block Gate, Hazaribag Road Barhi - 825405

दिनांकः 28-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## चलकुशा में माले ने मनाया कामरेड चारू मजूमदार का 50 वं शहादत दिवस

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :– माले प्रखंड कमेटी ने भाकपा माले के संस्थापक व प्रथम केन्द्रीय महासचिव कॉमरेड चारू मजुमदार के 50 वां शहादत दिवस मसकेडीह समुदायिक भवन में प्रखंड सचिव अशोक चौधरी कि अध्यक्षता में संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। यक्ष सर्वप्रथम उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित राज्य कमिटि सदस्य सह जिप सदस्य सविता सिंह ने कहा कि कॉमरेड चारू मजुमदार भाकपा माले के संस्थापक नेता व प्रथम महासचिव एवं नक्सलबाड़ी आंदोलन के योद्धा थे।इतिहास गवाह है कि नक्सलबाड़ी आंदोलन सामंती व्यवस्था और फासिस्ट सरकारों को झकझोर कर रख दिया था।इसलिए उस समय के केन्द्र व राज्य सरकारों ने मिलकर कामरेड मजुमदार को 1972 में गिरफ्तार कर कोलकाता के बड़ा बाजार थाना में उनकी हत्या कर दी थी।उनकी हत्या कर फासिस्ट सरकारें समझी कि चारू मजुमदार के विचार व नेतृत्त्व वाली पार्टी, भाकपा माले को समाप्त कर दिया।लेकिन आज उनके विचार व उनकी पार्टी संपूर्ण भारत में स्थापित है। आज देश में केन्द्र सरकार के रूप में और भी मजबूत फासिस्ट सरकार स्थापित है।जिसका विचार ही समाजवाद को समाप्त कर पूँजीवादी व्यवस्था कायम करना है।ऐसे समय में माले के तमाम सिपाहियों को संकल्प लेना होगा कि नक्सलबाड़ी आंदोलन को याद करते हुए कॉमरेड चारू मजुमदार के सपनो को साकार करना और भाकपा माले के 11 वां महाधिवेशन जो फरवरी 2022 को बिहार के पटना में होने जा रही है,उसे सम्पूर्ण सफल करना ही सच्ची श्रध्दांजलि होगी। इस अवसर पर माले जिला कमेटी सदस्य नईम अंसारी अलाउद्दीन अंसारी प्रखंड कमेटी सदस्य इनामुल अंसारी हिदायत अंसारी इलियास अंसारी पंचायत कमेटी सदस्य तौफीक अंसारी शहादत अंसारी मंसूर अंसारी सोमर राणा सरफुद्दीन अंसारी रुस्तम शहादत तस्लीम सीटन समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने चारु मजूमदार को दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


कामरेड चारु मजूमदार को श्रद्धंजलि देते भाकपा माले कार्यकर्ता

भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी ने गुरुवार को पार्टी के प्रथम जनरल सेक्रेटरी क०मरेड चारू मजूमदार का शहादत दिवस मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी नेता सह जिप सदस्य शेख तैयब व संचालन प्रखंड सचिव जानकी शर्मा ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में पुराने कार्यकर्ताओं की सदस्यता का नवीनीकरण तथा नए सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पार्टी के 11वें महाधिवेशन का सभी पंचायतों में प्रचार प्रसार करने तथा राज्य में सुखाड़ की विषम परिस्थिति में तमाम जन मुद्दों को उठाकर सरकार से राहत कार्य चलाने की मांग की जाए। इस विषय को लेकर आगामी 31 जुलाई को अलपिटो सभा भवन में बृहद बैठक आहूत करने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों से कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस बैठक में पार्टी के जिला सचिव पच्चू राणा समेत कई पार्टी नेता शामिल होंगे। मौके पर जिला कमेटी सदस्य घनश्याम पाठक, प्रमुख जैबुन निशा, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, दुलारचंद प्रसाद, भोला प्रसाद सिंह, जलील अंसारी, मनोज मंडल, अमानत अंसारी, ताज अंसारी, महादेव प्रसाद, रामेश्वर दास, नेमचंद साव, गोविंद रविदास समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भगवान बागी के खराब चापाकल से निकल रहा है आग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पूर्वी पंचायत अंतर्गत भगवान बागी में जल मीनार के खराब पड़ा चापाकल से आग निकल रही है। आसपास के गांव के लोग आग को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। उक्त मामले को लेकर लोजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान बागी निवासी परवेज आलम ने बताया कि बुधवार को खराब पड़े जल मीनार के चापाकल से पाइप को निकालने के बाद अचानक मेथेन गैस की महक आने लगी । माचिस जलाने के बाद चापाकल से आग निकलने लगी। गांव में अन्य 4 चापाकल है परंतु सभी बेकार व खराब पड़े हुए हैं। सभी चापाकल से कमोबेश मिथेन गैस की महक देखी जा रही है। सभी चापाकल खराब होने के कारण गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रशासन को इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिल सके।इससे पहले भी पिछले साल हरली में बोरिंग वेल मे गैस निकलने से आग लग गई थी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पौधे





**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के मौके पर बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत प्रखंड के सभी पंचायतों में वृहद पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान पिपराडीह पंचायत अंतर्गत पिपराडीह गांव निवासी मनु देवी के जमीन पर मुखिया कल्याणी देवी ने पौधा रोपण किया । मौके पर उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार वृक्षों की कटाई की जा रही है द्य उस अनुपात में वृक्ष नहीं लगाए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है । उन्होंने कहा कि वृक्ष जितने रहेंगे पर्यावरण उतना ही शुद्ध और सुरक्षित रहेगा । वहीं बड़की धमराय पंचायत में मुखिया सरजू प्रसाद वर्मा ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया द्य जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख मंजू देवी मौजूद थे द्य मौके पर प्रमुख मंजू देवी व मुखिया सरयू प्रसाद वर्मा ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक से वृक्ष लगाने कि अपील किया । इधर चंदवारा पश्चिमी पंचायत में भी पौधा रोपो, पानी रोको अभियान का आयोजन किया गया । जिसके तहत ग्राम चिलोडीह मे मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा के द्वारा आम बागवानी लगाया गया ।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बीस सूत्री समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**




बुधवार दिनांक 27 /07/ 2022 को माननीय मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की अध्यक्षता में 20 सूत्री समिति की बैठक आयोजित हुई स बैठक में माननीय विधायक गांडेय ,गिरीडीह सदर , जमुआ, माननीय सांसद प्रतिनिधि गिरिडीह एवं कोडरमा, माननीय विधायक के प्रतिनिधिगण, माननीय उपाध्यक्ष 20 सूत्री तथा 20 सूत्री सदस्य , माननीय उप महापौर, माननीय जिला परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित थे बैठक मे जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया की ज़ाहेरस्थान एवं कब्रिस्तान घेरा बंदी की योजनाओं पर कार्य चल रहा है तथा ग्राम सभा की जा रही है स साथ ही मांझी हाउस निर्माण योजनाओं तथा बिरसा आवास पर कार्य प्रगति पर है स साथ ही विभिन्न छात्रावासों का जरनोद्वार से संबंधित कार्य किया जा रहा है जिला समाज-कल्याण पदाधिकारी ने बताया की सुकन्या योजना का लक्ष्य 19113 है स जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा स मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ 530 है आवेदनों के आधार पर भुगतान किया जा रहा है स स्प०न्सरशिप योजना के तहत 152 बच्चों को लाभान्वित किया गया है एवं मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 49800 लाभुकों को लाभान्वित किया गया है स सहायक निर्देशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया की राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना 64332 लाभुक है स यह उन्हें माह जून 2022 तक का भुगतान किया गया है स मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के 5600 लाभुक है स यह उन्हें माजून तक का भुगतान किया गया है मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन अन्य क्षेत्रीय योजना के 169 76 लाभुक है स उन्हें माह जून तक का भुगतान कर दिया गया है सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि निर्माण निबंधित श्रमिकों की संख्या 60835 है एवं उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा किया गया है श्रमिक जोपार सहायता लाभुक 2429 है जिसके तहत राशि भुगतान 6072500 हा साइकिल सहायता योजना के लाभुकों की संख्या 1436 है एवं राशि 2096500 है स मातृत्व प्रसूता योजना के लाभुकों की संख्या 533 एवं राशि 7995000 हा मेधावी पुत्र पुत्री छात्रवृत्ति योजना के लाभुकों की संख्या 3460 हा एवं राशि 20752 000 निर्माण श्रमिक सेफ्टी कीट योजना के लाभुक 5721 एवं राशि 5721000 है मृत्यु दुर्घटना सहायता योजना के लाभुकों की संख्या 105 एवं राशि 105000000.00 है स चिकित्सा सहायता योजना के लाभुक 365 है एवं राशि 5475000.00 है जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया की पीवीटीजी लाभुकों को वितरण बगोदर प्रखंड में 95.94ः गामा प्रखंड में 26.31ः एवं सरिया प्रखंड में 100ः है धान अधिप्राप्ति के तहत कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 12878 है एवं किसानों से आदि प्राप्त किए गए धान की मात्रा 765614.17 क्विंटल है निर्देशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने बताया की अमृत सरोवर के तहत 75 स्थानों पर नए-नए सरोवर या पुरानी का जीर्णोद्धार किया जाना है जिसके तहत 12 स्थानों पर कार्य प्रारंभ है जिला समन्वयक जेएसएलपीएस ने बताया की पलाश ब्रांड में 55 प्रकार के उत्पाद का उत्पादन सखी मंडल के द्वारा किया जा रहा है एवं इसका व्यापार लगभग पांच करोड़ रुपए हैं जोकि पूरे झारखंड में सबसे अधिक गिरिडीह जिला का है स जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया की वर्तमान तक वर्षा काफी कम हुई है अतः मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत बैठक कर कार योजना बनाई जा रही है जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया की हिट एंड रन के तहत मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को 200000 रुपए प्राप्त होते हैं इसके लिए सिर्फ एफ आई आर के प्रति पोस्टमार्टम के प्रति एवं आश्रित का बैंक खाता की प्रति की आवश्यकता होती है बैठक को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने कहा की जिला 20 सूत्री एवं प्रखंड बीस सूत्री की बैठक में में बैंकों के प्रतिनिधि अवश्य रहे साथ ही मंत्री महोदय ने कहा कि जल्द ही 20 सूत्री के तहत विभिन्न विभागों की बृहद समीक्षा की जाएगी बैठक को संबोधित करते हुए माननीय विधायक गिरिडीह सदर ने कहा की विभिन्न विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी सा समय जनप्रतिनिधियों को दी जाए बैठक को संबोधित करते हुए माननीय विधायक जमुआ ने कहा की विभागों को अपने कार्यों में तेजी लाना है बैठक को संबोधित माननीय विधायक हंदकमल ने कहा की विभिन्न विभागों के कार्यों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता अवश्य रहे बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त उपायुक्त ने सभी आगत अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया एवं कहा की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन का निर्देश सभी संबंधित विभागों को दिया जाएगा ।

## गिरिडीह नगर भवन में बिजली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित






**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**

आज दिनांक 28/07/022 को उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य प०वर/2047 के तहत बिजली महोत्सव का आयोजन नगर भवन गिरिडीह में किया गया स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक गिरिडीह सदर सुदीव्य कुमार सोनू ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया स कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए डीवीसी के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सुधीर कुमार दास ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भारत सरकार की ऊर्जा मंत्रालय एवं झारखंड सरकार के सहयोग से बिजली महोत्सव मनाया जा रहा है स इस कार्यक्रम के तहत बिजली क्षेत्र में उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है, पहले की अपेक्षा ज्यादा देर तक बिजली आपूर्ति की जा रही है एवं आशा है कि 2047 तक जो कि भारत का आजादी का 100वां साल पूरा होंगे , तब तक देश के प्रत्येक गांव प्रत्येक घर तक 24 घंटे बिजली प्रदान कर पाने में सफल होंगे इस लक्ष्य को पूरा करने में सबसे बड़ी उपलब्धता अक्षय ऊर्जा की है स जो की खत्म ना होने वाला ऊर्जा संसाधन है स जिसे सूर्य प्रकाश, जल एवं वायु इत्यादि से उत्पन्न किया जाता है स इस अक्षय ऊर्जा के सहायता से हम हर घर में 24 घंटे बिजली के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक गिरिडीह सदर ने कहा की गिरिडीह शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने हेतु पहले से पहल की गई है स हमें जीरो पावर कट की तरफ बढ़ना है स इस हेतु प्राकृतिक ऊर्जा पर विशेष ध्यान देना है स बिजली की सुलभ उपलब्धता को घर-घर तक पहुंचाना है , इस हेतु ज्यादा से ज्यादा बिजली उत्पादन करना है स ताकि विकास को गति दी जा सके एवं लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त हो सके । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ इंजीनियर डीवीसी ने कहा की उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य प०वर/2047 के तहत बिजली महोत्सव का आयोजन झारखंड के सभी जिलों में किया जा रहा है स आजादी के 75वे साल के अंतर्गत अमृत महोत्सव में बिजली के क्षेत्र में जो भी प्रगति हुआ है स गांव गांव घर घर तक ऊर्जा के क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं स उनको प्रदर्शित किया जा रहा है , साथ ही अगले 25 साल में क्या-क्या कार्रवाई करना है ताकि प्रत्येक घर को 24 घंटे बिजली मिल सके इस पर मनन करते हुए कारवाई किया जाना है । कार्यक्रम में लाभुकों ने भी अपने अनुभव को साझा किया गिरिडीह के किशोरी लाल ने बताया कि उनके गांव में पहले की अपेक्षा पहले की अपेक्षा अधिक देर तक बिजली रहती स कार्यक्रम में ऊर्जा से संबंधित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया स कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क कार्यालय गिरिडीह द्वारा ऊर्जा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन निर्देशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यपालक अभियंता डीवीसी के द्वारा किया गया स कार्यक्रम में उपमहापौर निर्देशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मुख्य अभियंता डीवीसी कार्यपालक अभियंता डीवीसी , जिला समन्वयक डीवीसी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी तथा अन्य सं. बंधित पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित थे ।

## कांग्रेस सांसद द्वारा राष्ट्रपति के खिलाफ़ विवादित बयान के खिलाफ़ भाजपा ने दिया धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**




भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह जिला एवं नगर के द्वारा एक दिवसीय धरना जेपी चौक गिरिडीह में आहूत किया गया जिसमें देश के महामहिम राष्ट्रपति को राष्ट्रपत्नी कहकर अपमान करना कांग्रेस सांसद अधीर रंजन के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। आज पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी धरने के माध्यम से ऐसे कांग्रेसी सांसद को सजा-ए-मौत या फांसी की सजा देने की मांग किया ताकि भविष्य में संवैधानिक पद पर बैठे राष्ट्रपति के खिलाफ में इस तरह का अपमान जनक बयान जारी करने का दुःसाहस ना कर सके । गिरिडीह जेपी चौक पर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का अध्यक्षता भाजपा गिरिडीह जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने किया साथ ही संचालन जिला के महामंत्री संदीप डागैच ने किया । ,कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरिडीह के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी, नुनु लाल मरांडी सुभाष सिन्हा संजय सिंह गिरिडीह नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा भाजपा नेता रंजन सिंहा सुनील पासवान निर्भय सिंह बिनय कुमार सिंह सगिता सेठ, प्रकाश राम चुन्नू कांत सिन्हा अनूप सिंन्हा सोनू एजाज दिलीप वर्मा कामेश्वर पासवान विवेश जालान पप्पू सिंह बाबुल गुप्ता शशि सिन्हा रीना शर्मा रागिनी लहरी किरण पांडे सुरेंद्र लाल मनोज संघई रामबाबू दीपक स्वर्णकार वीरेंद्र राम गोविंदतुरी अमित पासवान मोतीलाल उपाध्याय सिकंदर हेंब्रम समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद थे। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया।

## गिरिडीह प्रखंड सिकदारडीह में कॉमरेड चारु मजूमदार का 50वीं शहादत दिवस मनाया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**



भाकपा माले के संस्थापक व प्रथम केन्द्रीय महासचिव कॉमरेड चारू मजुमदार के 50 वां शहादत दिवस के अवसर पर 28 जुलाई को गिरिडीह के सिकदारडीह में माले कार्यकर्ता के द्वारा संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। सर्वप्रथम उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि दी गई, साथ ही जोर जुल्म के खिलाफ नारा लगाया गया। गिरिडीह विधानसभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा के अलावे गाँव के बड़े बुजुर्ग मौजूद थे,श्री सिन्हा कहा कि कॉमरेड चारू मजुमदार भाकपा माले के संस्थापक नेता व प्रथम महासचिव एवं नक्सलबाड़ी आंदोलन के योद्धा थे।इतिहास गवाह है कि नक्सलबाड़ी आंदोलन सामंती व्यवस्था और फा. सिस्ट सरकारों को झकझोर कर रख दिया था।इसलिए उस समय के केन्द्र व राज्य सरकारों ने मिलकर कामरेड मजुमदार को 1972 में गिरफ्तार कर कोलकाता के बड़ा बाजार थाना में उनकी हत्या कर दी थी। उनकी हत्या कर फासिस्ट सरकारें समझी कि चारू मजुमदार के विचार व नेतृत्त्व वाली पार्टी, भाकपा माले को समाप्त कर दिया।लेकिन आज उनके विचार व उनकी पार्टी संपूर्ण भारत में स्थापित है। आज देश में केन्द्र सरकार के रूप में और भी मजबूत फासिस्ट सरकार स्थापित है।जिसका विचार ही समा. जवाद को समाप्त कर पूँजीवादी व्यवस्था कायम करना है।ऐसे समय में माले के तमाम सिपाहियों को संकल्प लेना होगा कि नक्सलबाड़ी आंदोलन को याद करते हुए कॉमरेड चारू मजुमदार के सपनो को साकार करना और भाकपा माले के 11 वां महाधिवेशन जो फरवरी 2022 को बिहार के पटना में होने जा रही है,उसे सम्पूर्ण सफल करना ही सही श्रधांजलि होगी। मुख्य रूप से गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, सिकदारडीह के सचिव नासिर शेख,अगुवा सीनियर मेंबर मो शमीम,कलंदर खान,इदरीस मिर्जा,तौहीद आलम,इसरार आलम,तंजीम मिर्जा,मो न०साद शेख,अफताब शेख,मुस्तकीम अंसारी, कमरुद्दीन मिर्जा,नईम उद्दीन मिर्जा,लल्लू,इदरीस मिर्जा,मोबिन मिर्जा,तुलसी राणा, अब्दुल गनी,शहजाद अंसारी मुस्तफा मिर्जा ,गुलाम मुस्तफा,असगर अली,मो आलम,मो मकबूल अंसारी, मो शुभान,मो मकबूल,मो एजाज,मो निजाद, अकबर मिर्जा, जहांगीर अंसारी,मो मनुवर मिर्जा,सिराज शेख,हसन अंसारी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।



दिनांक: 28-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## भाकपा माले ने मनाया पार्टी संस्थापक चारू मजूमदार का 50 वां शहादत दिवस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



भाकपा माले गिरिडीह इकाई ने आज अपने संस्थापक कामरेड चारू मजूमदार का 50 वां शहादत दिवस मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देकर उनके संघर्षों को याद किया, वहीं सर्वहारा मुक्ति के लिए क०० मजूमदार के नेतृत्व में हुए संघर्ष को ऐतिहासिक बताते हुए मौजूदा दौर में केंद्र की नि. रंकुश फासीवादी सरकार के खिलाफ जोरदार संघर्ष की जरूरत बताई। सदर प्रखंड के पपरवाटांड़ सहित बेंगाबाद तथा गांडेय प्रखंड पार्टी कार्यालयों में शहादत दिवस कार्यक्रम की अगुवाई पार्टी नेता एवं किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, बेंगाबाद प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव तथा गांडेय सचिव महताब अली मिर्जा ने की। वहीं, इस दौरान मुख्य रूप से गिरिडीह में प्रीति भास्कर, संजय चौधरी, नौशाद अहमद चांद, मनोज कुमार यादव, संतोष राय, कन्हैया सिंह समेत बेंगाबाद में राजेंद्र मंडल, महेंद्र साव, रामलाल मुर्मू तथा गांडेय में मनोज यादव, सलामत अंसारी, रोहित यादव, रिजवान अंसारी, ईश्वर दास, सुकर बास्की, राजू पासवान, रामकिशोर सिंह, जलेश्वर राय, अब्दुल करीम, अख्तर अंसारी, तुलसी दास आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि, चारु मजूमदार के क्रांतिकारी वैचारिक विरासत को आगे बढ़ाना है। किसान–मजदूरों सहित हर उत्पीड़ित तबके को संगठित करना पार्टी का लक्ष्य है। कहा कि, अगले वर्ष फरवरी में होने वाले पार्टी महाधिवेशन की तैयारी में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को जी जान से जुट जाना है। इस दौरान अधिक–से–अधिक गांवों में ग्राम सभाएं, शहरी क्षेत्रों में मोहल्ला मीटिंग आयोजित कर जन सवालों को चिन्हित किया जाएगा तथा उस पर संघर्ष की शुरुआत भी होगी। माले नेताओं ने कहा कि, मोदी सरकार जनविरोधी है। इसने पूरे देश की जनता को महंगाई बेरोजगारी जैसी ज्वलंत समस्याओं के दलदल में पहले से भी ज्यादा धकेल दिया है। चुनाव में किए गए मोदी के तमाम वादे झूठे और खोखले साबित हुए हैं। मोदी सरकार देश में पूंजी पतियों की सरकार चला रही है, और इस पर से ध्यान हटाने के लिए गैर जरूरी मुद्दों को तरजीह दे रही है। देश में नफरती माहौल बनाया जा रहा है। देश में लगातार नफरत ही माहौल पैदा किया जा रहा है। आम जनता को इसके खिलाफ जागरूक एवं संगठित करने की जरूरत है। अंत में सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के आगामी महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगा देने की अपील की गई।

## डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति ने किया सभा का आयोजन





**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**

डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के तत्वाधान में डोमचांच नगर पंचायत वार्ड नंबर 3 के माथाडीह स्थित नावा आहार तालाब नागेश्वर धाम मंदिर के प्रांगण में एक आम सभा का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता सुभाष चंद्र प्रसाद एवं संचालन संगठन के महासचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया । आम सभा में डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के द्वारा बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि को समाप्त करने, रोजगार की व्यवस्था बहाल करने, नगर पंचायत को भंग करने, पेयजल एवं सिंचाई के लिए कुपाय नाला में एक बड़ा सा जलाशय का निर्माण करने और महेशपुर ह०ल्ट को स्टेशन में तब्दील करने की मांग को लेकर समर्थन प्राप्त किया । मौके पर मुख्य वक्ता संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मेहता, उपाध्यक्ष मनोज रजक, उपाध्यक्ष बसंत कुमार मेहता, सचिव सुनील कुमार सिन्हा एवं शिव कुमार मेहता, कार्यकारिणी सदस्य देव नारायण यादव, श्याम सिंह राजपूत, त्रिलोचन मेहता, सलीम अंसारी, पूर्व मुखिया प्रेमचंद साहू, वर्तमान वार्ड पार्षद गुड़िया देवी, पवन गोस्वामी, सत्यनारायण साहू, मानिक चंद्र शाह आदि सभा को संबोधित किया और जनता से समर्थन की मांग की । वार्ड नंबर तीन के जनता से आंदोलन में शामिल होने का आवाहन किया । आज के आम सभा में बालेश्वर सिंह, शंकर पासवान, जगदीश प्रसाद साहू, सुरेश साहू, मोहम्मद सलमान, सुमित कुमार, किशोर राम, दुर्गा साहू, विनय कुमार, रमेश साहू, राजकुमार शर्मा, मनोज कसेरा, संतोष गुप्ता, गंगाधर यादव, गोविंद सिंह, मुकेश राम, सौदागर ठाकुर, मुन्ना कुमार, मनोज राणा, गोविंद सिंह, मोहम्मद सरफराज, मणिलाल साहू, राजेश कुमार, संजय पेंटर, जगदीश राणा, राजेश कुमार साहू, संतोष राम, रामचंद्र साहू, दीपक कुमार राम, मोहम्मद फिरोज, प्रमोद साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए ।

## बसंती चौती यूवा क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई जिला परिषद सदस्य

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गुरुवार 28जुलाई 2022को गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड अन्तर्गत मल्हो में बसंती चौती यूवा क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा मंचासिन थीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। बसंती चौती यूवा क्लब ने बुके देकर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा का स्वागत सह सम्मान किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है । युवाओं को अपने हक एवं अधिकार के लिए आगे आना होगा।तभी एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। युवा शक्ति में ही सही को सही एवं गलत को ग़लत कहने का साहस होता है। आज के इस कार्यक्रम में सैंकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात वृक्षारोपण भी किया गया।

## कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय मे 11वीं के छात्र छात्राओं का स्वागत समारोह

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : 11वीं कक्षा के छात्र–छात्राओं का कक्षाएं प्रारंभ के लिए 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड उप प्रमुख बचन देव कुमार एवं कर्ण पुरा इंटर महाविद्यालय के सचिव प्रोफ़ेसर रामसेवक को आम का पौधा देकर तथा स्वागत गान के साथ स्वागत किया। बारहवीं कक्षा के छात्र राकेश कुमार मंच का संचालन किया । स्वागत भाषण प्रोफ़ेसर रामसेवक के द्वारा दिया गया। इन्होंने विज्ञान की पढ़ाई की शुभ व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब हजारीबाग या अन्ययंत्र विज्ञान की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य मनीषा भारती ने सभी अतिथियों तथा छात्र–छात्राओं को धन्यवाद देते हुए महाविद्यालय में शिक्षा की गुणात्मक सुधार पर प्रकाश डाली । वह प्रमुख बचन देव कुमार ने कहा उप प्रमुख होने के नाते प्रखंड कार्यालय के द्वारा आय जाति बनाने के लिए कठिनाई होती है तो मैं पूरी मदद करूंगा कठिनाइयां नहीं होने दूंगा। महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए पूरा सहयोग करूंगा ।मुख्य अतिथि सुनीता देवी ने छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया । कहा की जिला व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय का विकास एवं रक्षा के लिए सहयोग करूंगी ।समारोह में प्रोफेसर आशा देवी , प्रोफेसर अक्षय पांडे , संदीप कुमार, अनीता देवी, अंकिता कुमारी ,मालती देवी ,जय मनी देवी, छात्र शुभम कुमार, सोनू कुमार, करण कुमार गिरी, पूजा कुमारी, पिंकी, सुनैना कुमारी, नेहा प्रवीण , शबनम आरा आदि अन्य छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। प्रोफेसर संगीता कुमारी द्वारा सधन्यवाद के साथ समारोह को संपन्न किया गया।




## जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरों संग किया बैठक

### कालाबाजरी और कम राशन वितरण न करें डीलर नहीं तो होगी कावाई

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कन्हाचट्टी प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी गौरांग महतो ने प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में श्री महतो ने प्रखंड के सभी डीलरों को निर्देश देते हुए कहा कि राशन वितरण स समय सभी डीलर कर दें ।यदि राशन वितरण में लेट हुई या अनियमितता पाया गया तो वैसे डीलरों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी दुकान को निलंबित भी कर दिया जाएगा ।श्री महतो ने कहा कि राशन दुकानदार समय पर गोदाम से उठाओ करें एवं समय पर वितरण भी करें, यदि जिस डीलर के खिलाफ अनियमितता की शिकायत मिलती है तो वैसे डीलर को बख्शा नहीं जाएगा । आगे श्री महतो ने कहा कि सभी डीलर कार्ड धारियों को वजन के अनुसार राशन का वितरण करें वजन में किसी भी स्थिति में कमी पाया गया या कमी की शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। श्री महतो ने प्रखंड के गोदाम प्रबंधक को भी समय पर सभी डीलरों को अनाज देने एवं वजन करके ही अनाज डीलरों को देने की का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो डीलर संघ के अध्यक्ष सुरेश यादव सहित प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित थे।